अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025
पौष अमावस्या
विक्रम संवत-2082

PAGE NO 8 : BOTTOM

# रिद्धिमा में सजाई गई 'साहित्य सरिता' काव्य संध्या

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में बृहस्पतिवार की शाम 'साहित्य सरिता' के अंतर्गत चतुर्थ कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से साहित्य प्रेमियों की खूब वाहवाही हासिल की।

साहित्य सरिता का आरंभ बीसलपुर के कवि प्रियांशु त्रिपाठी ने किया। उन्होंने राधा रानी की महिमा को श्रोताओं के सामने रखा। कहा- 'गोकुल बरसाना की कहानी एक तरफ, यमुना जी का शीतल पानी एक तरफ, एक तरफ हैं सारे वैभव दुनियां के, लेकिन मेरी राधा-रानी एक तरफ। शाहजहांपुर के कवि रामू सिंह ने 'ज्ञात रहता है हमें यह, कब गलत, हम कब सही हैं, और रहती याद बातें, कब कहां, किसने कही हैं... सुनाया।

कानपुर से आई कवियत्री अनीता मौर्या ने- जिस घर में बुजुर्गों का बसेरा नहीं होता, उस घर में खुशियों का सवेरा नहीं होता... सुनाकर घर में बुजुर्गों की अहमियत को बताया। शाहजहांपुर के विवेक ठाकुर, बदायूं के कवि अभिषेक अनंत, मुकेश मीत ने भी काव्य पाठ किया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रीता शर्मा और शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। संवाद